

# तापमान में हुई वृद्धि, आसमान से बरसने लगी आग

## लग्नसरा में दिख रहा गर्मी का असर, शादी समारोहों की रौनक पर भी व्यापक असर

नवभारत न्यूज

**सीधी 26 अप्रैल। गर्मी की विभीषिका के रौद्र रूप धारण करने से तापमान में वृद्धि परिलक्षित हुई है। आसमान से आग बरसने लगी है। लग्नसरा में भी गर्मी का असर दिख रहा है। लिहाजा शादी समारोहों की रौनक भी प्रभावित है।**

गौरतलब है कि अप्रैल महीनें में हुई तापमान में वृद्धि होने के कारण आसमान से आग बरसने लगी है। भीषण गर्मी का असर वैवाहित सीजन पर साफ देखने को मिल रहा है। सीधी जिले में तापमान 42-43 सेटीग्रेड के बीच पहुंचने से जनजीवन के साथ शादी समारोहों की रौनक पर भी असर पड़ रहा है। व्यापारिक गतिविधियों पर नजर डाली जाय तो शादियों की खरीददारी पर भी असर पड़ रहा है। क्यों कि लोग तेज गर्मी और लू के प्रकोप के बीच दोपहर में बाजार जाने से बच रहे हैं। ऐसे में बाजार में दोपहर के सजय सन्नाटा पसरा नजर आता है। शादी विवाह के कार्यक्रमों में भीषण गर्मी को देखते हुये खान-पान में प्राथमिकता से बदलाव किया जा रहा है। मेनू में भारी व्यंजनों की जगह ठंडे पेय पदार्थ, लस्सी और सलाद जैसे हल्के व्यंजनों को प्राथमिकता दी जा रहा है। मेहमानों और आयोजकों को गर्मी से बचने के लिये कूलर, टेंट की विशेष व्यवस्था और पानी तथा जूस पर ध्यान देना पड़ रहा है। दोपहर में भीषण गर्मी के प्रकोप का असर सबसे ज्यादा फुटपाथी कारोबारियों पर है। अधिकांश फुटपाथी कारोबारी अब शाम 5 बजे से लेकर रात 10-11 बजे तक दुकानें सजा रहे हैं। उनके द्वारा विशेष तौर पर यह ध्यान रखा जा रहा है कि इसी अवधि में लोग खरीददारी के लिये घर से निकलते हैं।





### सूनी सड़कें और जनजीवन पर असर

दोपहर के समय सूरज की तपिश और लू के थपेड़ों के कारण लोग घरों में ही रहने को मजबूर हैं। शहर के प्रमुख चौराहे जैसे बस स्टैण्ड, कलेक्ट्रेट चौराहा, पूजा पार्क और मुख्य बाजार जो आम तौर पर व्यस्त रहते हैं वहाँ आवाजाही काफी कम हो गई है। गर्मी का सबसे ज्यादा असर दिहाड़ी मजदूरों, राहगीरों और वाहन चालकों पर पड़ रहा है।

### गर्मी से बचाव के लिये सावधानियां

भीषण गर्मी और हीटस्ट्रोक (लू लगना) से बचने के लिए विशेषज्ञ द्वारा कई सुझाव दिये गये हैं। **हाइड्रेशन-** समय-समय पर पानी, नींबू पानी, छाछ या सत्तू जैसे तरल पदार्थों का सेवन करते रहें। **सुरक्षा-** बाहर निकलते समय सिर को गमछे, टोपी या छाते से ढकें और हल्के सूती कपड़े पहनें। **समय का ध्यान-** दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच जब धूप सबसे तेज होती है बाहर निकलने से बचें।



# पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा में 2100 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

## 712 परीक्षा में रहे अनुपस्थित, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सीधी 26 अप्रैल। संयुक्त कलेक्टर एवं परीक्षा प्रभारी अधिकारी राजेश शुक्ला ने बताया कि म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 रविवार को जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।**

जिले में कुल 2812 परीक्षार्थी नामांकित थे। प्रथम पाली में 1053 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 353 अनुपस्थित रहे। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 सीधी में 500 में से 365 उपस्थित एवं 135 अनुपस्थित रहे। शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में 500 में से 382 उपस्थित एवं 118 अनुपस्थित रहे, वहीं संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय, ब्लॉक-बी (नया भवन) में 406 में से 306 उपस्थित एवं 100 अनुपस्थित दर्ज किए गए।

द्वितीय पाली में 1047 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 359 अनुपस्थित रहे। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में 361 उपस्थित एवं 139 अनुपस्थित, शासकीय कन्या महाविद्यालय में 381 उपस्थित एवं 119 अनुपस्थित तथा संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय ब्लॉक-बी में 305 उपस्थित एवं 101 अनुपस्थित रहे। संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुई।

### परिजनों के लिये केन्द्रों में विशेष व्यवस्थाएं

परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के साथ आए परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी परीक्षा केन्द्रों पर बैठने एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई। तेज गर्मी को देखते हुए छायादार स्थान, कुर्सियां तथा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया गया, जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा अभिभावकों के लिए की गई सुविधाओं का अवलोकन किया गया।

# धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने किया स्व-गणना



नवभारत न्यूज

**सीधी 26 अप्रैल। धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए स्व-गणना के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कराई।**

विधायक श्री टेकाम ने आम नागरिकों से अपील की कि वे भी इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएं और उपलब्ध डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हुए स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करें। उन्होंने कहा कि इससे आंकड़ों की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि जनगणना देश की योजनाओं के निर्माण एवं विकास की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण आधार है। प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही सटीक एवं समग्र आंकड़े प्राप्त होते हैं, जो क्षेत्र के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। विधायक टेकाम की इस पहल को जनजागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

# सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक से मिले शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष

नवभारत न्यूज


**सीधी 26 अप्रैल। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सीधी के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय 26 अप्रैल को विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक से सिहावल विकासखंड अंतर्गत शिक्षकों की व्याप्त समस्याओं को लेकर मिले।**

चर्चा से पहले विधायक का साल श्रीफल अभिनंदन पत्र भेंट कर एवं माल्यार्पण कर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय, जिला सचिव रामजी शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी, प्राचार्य मंच के प्रमुख अनुज तिवारी द्वारा सम्मान किया गया। श्री पाण्डेय द्वारा बताया गया कि म.प्र. शिक्षक संघ की स्थापना 1970 में हुई और 56 वर्ष से राष्ट्रहित, शिक्षाहित, छात्रहित, शिक्षकहित में निरंतर कार्य कर रहा है। म.प्र. शिक्षक संघ पुराना और मान्यता प्राप्त संघ है। यह संघ आंदोलन धरना प्रदर्शन भीड़ जुटाने अनायास शिक्षकों को परेशान करने वाला संघ नहीं है बल्कि शासन-प्रशासन से प्रतिनिधिमंडल मिलकर तथ्यात्मक विषय वस्तु पर चर्चा कर शिक्षकों की समस्याओं का समाधान कराता है।

सिहावल विकासखंड अंतर्गत शिक्षकों का शोषण एवं उनके स्वत्वो का भुगतान समय पर ना होना शिक्षकों को परेशान करना वेतन रोकना आदि विषयों पर विधायक के समक्ष जिलाध्यक्ष द्वारा समस्याएं रखी गई। विधायक द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया कि सिहावल विकासखंड अंतर्गत एवं मेरे विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शिक्षकों को परेशान करने वाले एवं उनका शोषण करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को किसी भी हालत में बख्सा नहीं जावेगा। भोपाल से लौटने के बाद शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं सिहावल विकासखंड अंतर्गत विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करूंगा और समस्याओं का तत्काल समाधान कराऊंगा, साथ ही दोषी अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध करवाई करूंगा।



# महिला आरक्षण के नाम पर साजिश हुई नाकाम : मनोज



नवभारत न्यूज

**सीधी 26 अप्रैल। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं असम के सह प्रभारी मनोज चौहान ने कहा कि पीएम मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह ने देश की आधी आबादी को ढाल बनाकर गलत तरीके से परिसीमन करने की कोशिश की और इस देश के लोकतंत्र, संविधान, दलित, पिछड़ों के हक और संघीय ढांचे को चोट पहुंचाने का कुत्सित प्रयास किया।**

उनकी ये चालबाजी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में एकजुट विपक्ष ने भांप ली और संविधान संशोधन बिल गिर गया। मोदी-शाह महिला आरक्षण के नाम पर गलत तरीके से परिसीमन कर भारत के लोकतंत्र को तबाह करने चले थे उनकी ये साज़िश अब औंधे मुंह गिर गई। मोदी सरकार को 2014 के बाद पहली बार सदन के अंदर इतनी बड़ी पराजय का सामना करना पड़ा है। श्री चौहान ने कहा कि 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नोटिफिकेशन 3 साल बाद 16 अप्रैल 2026 को करना महिला आरक्षण पर मोदी सरकार की मंशा पर सवालिया निशान लगाता है।

कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार से फिर एक बार मांग करती हैं कि वो 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अनुसार महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के चुनावों से ही दिया जाए। कांग्रेस पार्टी सितम्बर 2023 से इसकी मांग कर रही है और यह नारी शक्ति के प्रति प्रधानमंत्री जी की प्रतिबद्धता की असली परीक्षा होगी।

# जिले में एक साथ सभी थानों में जनसंवाद एवं त्वरित समस्या समाधान का विशेष अभियान कल से

नवभारत न्यूज

**सीधी 26 अप्रैल। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा गौरव राजपूत के निर्देशानुसार रीवा जोन के अंतर्गत आने वाले सभी 6 जिलों के 77 थानों एवं 64 पुलिस चौकियों में जन चौपाल-आपकी पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह एक निर्धारित दिवस पर आयोजित किया जाएगा, जिसकी शुरुआत 28 अप्रैल मंगलवार से की जा रही है।**

इसी तारतम्य में जिला सीधी में डीआईजी हेमंत चौहान के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के नेतृत्व में जनता की समस्याओ का त्वरित निराकरण, पुलसिंग में पारदर्शिता एवं प्रभावी कार्यप्रणाली तथा पुलिस व जनता के बीच और विश्वास एवं सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जन चौपाल का आयोजन कर-आपकी पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम का नियमित आयोजन किया जावेगा जो 28 अप्रैल मंगलवारद्ध को सायं 4 बजे से 6 बजे तक जिले के समस्त 12 थानो एवं 7 चौकी क्षेत्रों में एक साथ समस्त अधिकारियो एवं कर्मचारियों द्वारा जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान आम जनता को सामुदायिक पुलसिंग के लिये किये जा रहें कार्य के संबंध में बताया जायेगा तथा जनता अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव सीधे पुलिस अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे।

जन चौपाल लगाने के संबंध में निर्धारित स्थान थानावार- थाना कोतवाली- ग्राम कुचवाही, थाना जमोड़ी- ग्राम पंचायत गांधीग्राम, थाना बहरी- ग्राम खुटेली, थाना अमिलिया- ग्राम बिठौली, थाना कमर्जी- ग्राम अदैपुर, थाना चुरहट- ग्राम पंचायत पचोखर, थाना सेमरिया- ग्राम नौसा, थाना रामपुर नैकिन- ग्राम तितरा शुक्लान, थाना मझौली- ग्राम छवारी, थाना मड़वास- ग्राम चदोहीडोल, थाना भुइमाड़- ग्राम देवरी, थाना कुसमी- ग्राम पंचायत गोतरा शामिल हैं।

सीधी पुलिस की अपील- जिला पुलिस सीधी समस्त नागरिकों से अपील करती है कि वे इस जनहितकारी पहल में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करें तथा अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव साझा करें ताकि उनका शीघ्र, पारदर्शी एवं संतोषजनक समाधान किया जा सके।

### कार्यक्रम के प्रमुख बिन्दु

* अवैध नशे (कोरेक्स, गांजा आदि) के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही
* महिला संबंधी अपराधों पर विशेष सुनवाई
* साइबर अपराधों से बचाव एवं शिकायत समाधान
* स्थानीय स्तर की जन-समस्याओं का त्वरित निराकरण
* आमजन को अपराधों की रोकथाम हेतु जागरूक करना
* जन चौपाल के माध्यम से पुलिस अधिकारियों द्वारा आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे शासन की मंशा के अनुरूप जनसुनवाई को और अधिक प्रभावी एवं परिणामकारी बनाया जा सके।



# समन्वय से ही स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा सकता : विकास

## कलेक्टर ने निजी नर्सिंग होम संचालकों के साथ की बैठक

नवभारत न्यूज

**सीधी 26 अप्रैल। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर विकास मिश्रा ने निजी प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों एवं नर्सिंग होम संचालकों के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में जिलेवासियों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया।**

कलेक्टर ने कहा कि शासकीय एवं निजी क्षेत्र के समन्वय से ही स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने आयुष्मान भारत सहित अन्य शासकीय योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। साथ ही निर्देश दिए कि निजी चिकित्सक एवं नर्सिंग होम संचालक योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए अधिक से अधिक मरीजों को इनका लाभ दिलाएं। दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के कहा ताकि जरूरतमंद लोगों को उनके क्षेत्र में ही उपचार मिल सके। कलेक्टर ने मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता बताई और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया। बैठक में कलेक्टर ने सभी निजी संस्थानों को शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों एवं नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर उपचार, पारदर्शिता एवं मानकों के अनुरूप सेवाएं उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। इसके अतिरिक्त जनगणना कार्य में भी सहयोग करने की अपील की गई, ताकि सटीक आंकड़ों के आधार पर स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर योजना बनाई जा सके। बैठक के दौरान विभिन्न चिकित्सकों एवं नर्सिंग होम संचालकों ने अपने सुझाव भी साझा किए। कलेक्टर ने सभी के सहयोग से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को और बेहतर बनाने का भरोसा दिलाया।

# जेल में विशेष लोक अदालत का हुआ आयोजन, एक मामले का सफल निराकरण

नवभारत न्यूज

**सीधी 26 अप्रैल। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में आज 26 अप्रैल को जिला जेल सीधी में बंदियों के न्यायालयों के समक्ष लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक एवं प्ली बारगेनिंग योग्य मामलो के निराकरण हेतु विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया।**




उक्त लोक अदालत का शुभारंभ मुख्य न्यायाधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर एवं न्यायामूर्तिगण तथा अन्य अतिथिगण की उपस्थिति में ऑनलाइन माध्यम से किया गया। शुभारंभ के पश्चात जिला जेल सीधी में विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमे प्रकरणों के निराकरण हेतु एक खंडपीठ का गठन किया गया। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनू जैन की खंडपीठ बनाई गई। उक्त लोक अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मुकेश कुमार शिवहरे एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक, जेल अधीक्षक रविशंकर सिंह के साथ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण ज्योति वर्मा के साथ न्यायालयीन स्टॉफ उपस्थित रहे। जेल लोक अदालत में कुल 3 मामले रैफर किये गये, जिसमे 1 प्रकरण का सफल निराकरण किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव द्वारा लीगल एंड डिफेंस काउंसिल की टीम की उपस्थिति में सभी बंदियों से व्यक्तिगत मुलाकात कर विधिक सहायता प्रदान की गई।

### नीरज का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**सीधी 26 अप्रैल।** 69वीं शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 17 वर्षीय क्रिकेट राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में हुआ। जिसमें एकलव्य स्कूल के छात्र नीरज सिंह का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। शालेय प्रतियोगिता में नीरज सिंह लगातार तीसरी बार राज्य स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपना चयन सुनिश्चित किए हैं, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता तेलंगाना में संपन्न होगी जिसमें मध्यप्रदेश की 16 सदस्यीय टीम अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करेगी।

# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, कलेक्टर ने दिए सख्त दिशा-निर्देश

## कलेक्टर का निरीक्षण, चेक डैम से स्वास्थ्य सेवाओं तक व्यवस्थाओं की समीक्षा





नवभारत न्यूज

**सीधी 26 अप्रैल। कलेक्टर विकास मिश्रा ने रविवार को जनपद पंचायत सीधी अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का सघन भ्रमण कर विकास कार्यों एवं शासकीय योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गुणवत्ता, समय-सीमा और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया, वहीं लापरवाही पर सख्त नाराजगी भी व्यक्त की।**

ग्राम पंचायत पनवार बघेलान में नारायण सिंह के खेत तालाब का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने मत्स्य विभाग की मदद से वैज्ञानिक पद्धति से मछली पालन करने की सलाह दी। साथ ही कृषि विभाग के सहयोग से तालाब की मेढ़ की साफ-सफाई, अरहर की फसल लगाने तथा पशु चिकित्सा विभाग के माध्यम से ऋृण स्वीकृत कराकर दुधारू पशु क्रय करने के लिए हितग्राही को प्रेरित किया, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। ग्राम पंचायत पनवार चौहान टोला में निर्मित चेक डैम का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत साफ-सफाई बनाए रखने एवं नियमित अनुरक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जिससे जल संरक्षण के प्रयासों का बेहतर परिणाम मिल सके।

निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत चंदूलाल पनिका, सहा.यंत्री रामाश्रय पटेल, राजस्व निरीक्षक महेश कुमार शुक्ला एवं उपयंत्री पूजा सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य केन्द्र में अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरिया के निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों एवं स्टाफ की अनुपस्थिति पर कलेक्टर ने गहरी अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर सख्त नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने, नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं मरीजों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### पंचायत भवन के उत्कृष्ट निर्माण पर सराहना

ग्राम पंचायत झगरहा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवास का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने हितग्राही को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण कर सरपंच श्रीमती निशा पाण्डेय को स्वयं पहल कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित कराने तथा तकनीकी अमले को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत झगरहा में नवनिर्मित पंचायत भवन का निरीक्षण कर कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य के लिए सरपंच की सराहना की और इसे अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।